पाठ–1

# भाषा, लिपि और व्याकरण

## उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

1. विचारों का आदान-प्रदान मनुष्य जिस माध्यम से करता है, वह है—

   (i) भाषा ☐ (ii) व्याकरण ☐ (iii) ध्वनि ☐

2. शब्द-विचार के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है–

   (i) वर्णों का ☐ (ii) शब्दों का ☐ (iii) ध्वनियों का ☐

3. 'राम का पत्र लिखना' भाषा का रूप है—

   (i) लिखित ☐ (ii) मौखिक ☐ (iii) सांकेतिक ☐

## रिक्त स्थान भरिए–

1. ______________ को अंतर्राष्ट्रीय भाषा का स्थान प्राप्त है।
2. हिंदी ______________ लिपि में लिखी जाती है।
3. मौखिक भाषा की मूल इकाई ______________ है।
4. अंग्रेज़ी भाषा ______________ लिपि में लिखी जाती है।
5. ______________ को राजभाषा का स्थान प्राप्त है।

## दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–

1. मोबाइल पर संदेश भेजना भाषा का मौखिक रूप है। ☐
2. व्याकरण के पाँच भाग होते हैं। ☐
3. भाषा के तीन रूप होते हैं। ☐
4. उर्दू भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। ☐
5. व्याकरण नियम बताने का शास्त्र है। ☐

## भाषा के सामने लिपि लिखिए–

1. उर्दू – ______________ 2. पंजाबी – ______________

LIVEWORKSHEETS